बस से लेकर स्कूल परिसर तक छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि

जिला उपायुक्त ने निजी स्कूल प्रबंधकों के साथ की बैठक

गुरुग्राम के सेक्टर-45 स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर निजी स्कूलों के प्राचार्यो एवं प्रबंधकों को संबोधित करते उपायुक्त अमित खत्री • जागरण

जागरण संवाददाता, गुरुग्रामः स्कूल परिसर के अंदर से लेकर स्कूल बसों तक में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस मामले में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। यह बातें मंगलवार को उपायुक्त अमित खत्री सेक्टर-45 स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल में कही। वह यहां सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर निजी स्कूलों के प्राचार्यो एवं प्रबंधकों के साथ बैठक कर रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि अगर कोई लापरवाही पाई गई तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा मानकों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गेमिंग मॉडल अपनाया जाएगा। इसके अंतर्गत निजी स्कूलों की रैंकिंग तय की जाएगी। निजी स्कूलों में सुरक्षा ऑडिट की जाएगी।

बैठक में गिरीश व दिव्या वैष्णव ने स्कूल परिसरों एवं बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के संबंध में पाई गई कमियों के बारे में बिना किसी स्कूल का नाम लिए बताया। गिरीश रोड सेफ्टी अधिकारी हैं। वहीं दिव्या बड फाउंडेशन से हैं। वह पुलिस के साथ बतौर सलाहकार काम कर रही हैं।

उपायुक्त ने बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। कहा कि जिला प्रशासन के लिए विद्यालय परिसर के अंदर व स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रथम है। उन्होंने कहा कि अब गेमिंग मॉडल अपनाते हुए रैंकिंग की जाएगी। जिसमें सुरक्षा ऑडिट में बच्चों के लिए अच्छे सुरक्षा प्रबंध करने वाले स्कूलों की प्रशंसा होगी। वहीं सुरक्षा मानकों को लागू नहीं करने वाले स्कूलों का नाम सार्वजनिक करते हुए उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार, जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रेमलता यादव, डीपीएस पब्लिक स्कूल सेक्टर-45 की प्राचार्य अदिती व सेक्टर-14 डीएवी स्कूल की प्राचार्य अपर्णा अरि सहित अन्य स्कूल प्रतिनिधि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner